एक नजर में

कोच मोहित सवारियां और असिस्टेंट कोच विशाल जाट की जोड़ी ने 19 साल बाद दोहराया इतिहास

बड़वाह, निप्र। गौरवशाली क्षण : खरगोन जिले के लिए हमें यह बताते हुए अत्यंत गर्व है कि हमारे अपने विशाल जाट जी को 72 वी महिला सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश महिला कबड्डी टीम का असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। खरगोन जिले के जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि जी जोशी और डी.स.ओ.पावी डूबे और सभी वरिष्ठ सदस्यों और खिलाड़ियों की ओर से आपको इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ। आपके मार्गदर्शन में प्रदेश की बेटियाँ राष्ट्रीय स्तर पर 19 साल बाद नेशनल चैंपियनशिप में 5वें स्थान पर आकर नेशनल गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई किया। टीम के मुख्य कोच मोहित जी सवारियां और मैनेजर दुर्गा वास्कले ने और कबड्डी एसोसिएशन के सेकेट्री जे.सी शर्मा जी ओर मोहन जी चौहान के साथ सभी पदाधिकारियों ने भी टीम को बधाई देते हुए फेडरेशन कप और नेशनल गेम्स के लिए शुभकामनाएं प्रेरित की। टीम की कैटन ज्योति भाटी, अंकिता सिंग परिहार, कंचन दीक्षित, मुस्कान, प्रीति, रंजीता, मनीषा, खुशबू यादव का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मध्य प्रदेश महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर 15 दिन का खंडवा में श्री बालाजी धाम कॉलोनी में लगाया गया था जिसमें की खंडवा जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रितेश जी गोयल और सेक्रेट्री संदीप जी सोलंकी विशाल जी जाट मोहित जी सवारियां के मार्गदर्शन में टीम ने अपना प्रशिक्षण किया।

स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने शुरु किया चरणबद्ध आंदोलन

खरगोन, निप्र। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत नियमित, एनएचएम संविदा, आउटसोर्स, एड्स नियंत्रण समिति संविदा, रोगी कल्याण समिति और गैस राहत कर्मचारियों ने मंगलवार से चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत कर दी है। पहले चरण में शाम को सीएमएचओ कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के बैनर तले मुख्यालय पर 14 सूत्रीय मांगों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि लंबे समय से मांग किए जाने के बाद भी मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं होने से विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन में मांग की गई है कि विभाग अंतर्गत कार्यरत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों की लंबित मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाए और शीघ्र आदेश/ निर्देश जारी किए जाएं।

ऐसे चलेगा आंदोलन :- कर्मचारियों ने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण में 9 फरवरी को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 16 एवं 17 फरवरी को काली पट्टी लगाकर जिला स्तर पर प्रदर्शन। 23 फरवरी को एनएचएम कार्यालय पर प्रदर्शन, 24 फरवरी स्वास्थ्य संचालनालय पर प्रदर्शन और न्याय यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री से गुहार। 26 फरवरी को एक घंटा और 27 फरवरी को दो घंटा अतिरिक्त मरीजों की सेवा कार्य। 28फरवरी को सुंदरकांड पाठ और सद्बुद्धि यज्ञ करेंगे। इसके बाद भी मांगें नही मानी जाती है तो प्रदेश व्यापी हड़ताल का रुख अख्तियार करेंगे।

प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन सिस्टम के लिए आवेदन आमंत्रित

खरगोन, निप्र। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रमोशन ऑफ सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन सिस्टम फॉर फर्टिगेशन इन हॉर्टिकल्चर क्रॉप अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री-राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत सामान्य वर्ग के 28, अनुसुचित जनजाति वर्ग के 15 एवं अनुसूचित जाति वर्ग में 10 इस प्रकार कुल 53 इकाई लक्ष्यों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इसको लगाने से किसानों को अपनी फसल की जरूरत अनुसार पौधों को पानी, पौधो को पोषक तत्वों की सही मात्रा का वितरण, पुरी तरह ऑटोमेटेड कंट्रोल, उर्वरको की बचत, श्रम लागत में कमी, कम मेहनत में ज्यादा उत्पादन, खरपतवार नियंत्रण के साथ ही मिटटी की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उप संचालक उद्यानिकी श्री केके गिरवाल ने बताया कि आवेदन उद्यानिकी विभाग के *MPFSTS* पोर्टल पर आमंत्रित किये जाएंगे और संचालनालय भोपाल स्तर से लॉटरी के माध्यम से हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। योजनांतर्गत आवेदन करने हेतु पोर्टल पर कृषक आई.डी. से योजना जोड सकते है। अधिक जानकारी के लिये अपने-अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क करें। नवीन ऑनलाइन पंजीयन के लिये आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, खसरा बी-1 मोबाईल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज होना अनिवार्य है।

संकल्प से समाधान अभियान के तहत दाउतखेड़ी में शिविर का आयोजन

खरगोन, निप्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन एवं पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री राहुल सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में भगवानपुरा विकासखंड के ग्राम दाउतखेड़ी में संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जलकर वसूली के लिए ग्राम पंचायत, स्व सहायता समूह एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की गई। पीएचई विभाग के विकासखंड समन्वयक जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि ग्राम में नलजल योजना के संचालन एवं संधारण में ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत को समस्या का सामना करना पड़ रहा था, जिसके निराकरण के लिए ग्रामीणों ने शिविर में सामूहिक चर्चा के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकाला। ग्राम में जलकर वसूली का जिम्मा स्व सहायता समूह को सौंपा गया, जबकि नलजल योजना के संचालन के लिए पूर्व निर्मित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को जिम्मेदारी दी गई। सभी ग्रामीणों ने समय पर जलकर की राशि देने की सहमति प्रदान की। अंत में सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

पुलिस ने घरों में हुई चोरी की घटना का किया खुलासा

आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने किया करीब 80 लाख रुपये का मशरुका जब्त

नवभारत न्यूज

बड़वाह, निप्र। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में बड़वाह पुलिस टीम ने विगत दिनों सुने घरों में हुई चोरी की वारदातों का पर्दाफाश किया ।जबकि पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल की है ।

उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी 2026 को फरियादी अरुण निवासी विनोबा मार्ग बड़वाह ने थाना बड़वाह में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वे अपनी माताजी के इलाज हेतु बाहर गए थे । इसी दौरान 26 जनवरी 2026 से 29 जनवरी 2026 के बीच उनके सूने मकान में अज्ञात चोर चोरी की घटना को अंजाम दे गए ।इस चोरी में 100-100 ग्राम के 03 सोने के बार (कुल 300 ग्राम), सोने का सिक्का, सोने की चूड़ियां, कंगन, अंगूठी आदि कुल लगभग 370 ग्राम सोना, 01-01 किलो के 05 चांदी के बार (कुल 05 किलो चांदी), एक लैपटॉप एवं कपड़े चोरी होना बताया गया । फरियादी की रिपोर्ट पर बड़वाह थाने पर अपराध क्रमांक 59/26 धारा 305(ए), 331(4) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । इसी प्रकार 01. फरवरी 2026 की दरम्यानी रात को फरियादी खुश्याल निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बड़वाह ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई, कि उनकी बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से अज्ञात बदमाश द्वारा पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर काउंटर से लगभग 30 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए है । फरियादी की रिपोर्ट पर बड़वाह थाने पर अपराध क्रमांक 68/2026 धारा 305(ए), 331(4) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

पुलिस ने जब्तशुदा किया मशरुका

पुलिस ने इस प्रकरण में 100 - 100 ग्राम के 03 सोने के बार (कुल 300 ग्राम), सोने का सिक्का, सोने की चूड़ियां, कंगन, अंगूठी, 01-01 किलो के 05 चांदी के बार (कुल 05 किलो चांदी), नगदी 28,550/- रुपये एवं घटना में प्रयुक्त स्कुटी कीमती लगभग 50 हजार रुपये कुल मशरुका कीमती लगभग 90 लाख रुपये का जप्त किया। जबकि इस चोरी से जुड़े आरोपी विधि विरुद्ध बालक (मुख्य आरोपी) हर्ष पिता जानकी लाल प्रजापति उम्र 22 साल निवासी कुम्हार मोहल्ला बडवाह,पेश उर्फ दिव्यांश पिता किशोर प्रजापति उम्र 19 साल निवासी कुम्हार मोहल्ला बडवाह को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व में भी बड़वाह थाने पर आपराधिक रिकार्ड दर्ज है।

सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरी का हुआ खुलासा

ड़वाह शहर में चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमती शकुन्तला रुहल व एसडीओपी खरगोन श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना बड़वाह से पुलिस टीम का को मौके पर रवाना किया गया ।जिसके बाद घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र व सभी संभावित रास्तों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेजो का संकलन किया गया । जिनका बारीकी से अवलोकन किया गया । वही मुखबिरों को भी सक्रिय कर घटना से जुड़ी जानकारी देने के लिए लगाया गया । पुलिस टीम ने उक्त चोरी के मामले में आसपास के लोगों से चर्चा कर सीसीटीवी कैमरे में दिखने वाले सभी संदिग्धों को चिन्हित किया गया । जिनके संबंध में जानकारी जुटाई गई । परिणाम स्वरूप पुलिस टीम को एक मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सीसीटीवी कैमरों में दिखाई देने वाल संदिग्ध व्यक्ति का हुलिया उम्र 16 वर्ष, निवासी गोदी पट्टी, बड़वाह से मेल खाता है । मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल 16 वर्षीय नाबालिक की तलाश प्रारंभ की एवं उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी । तलाश के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि संदिग्ध नाबालिक अपने मोहल्ले में अपने घर के पास खड़ा है । उक्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने तत्परता से पकड़कर अभिरक्षा में लिया ।जिसके बाद उससे मनोवैज्ञानिक व बारीकी से पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त चोरी को अपने साथी हर्ष व दीपेश के साथ मिलकर कारित करना स्वीकार किया । पुलिस टीम द्वारा आरोपी 01 विधि विरुद्ध बालक हर्ष व दीपेश की निशानदेही पर उक्त दोनों चोरियों में गया लगभग सम्पूर्ण मशरुका को नियमानुसार विधिवत जप्त कर गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।

सात दिवसीय ग्रामीण शिविर का समापन

भीकनगांव, निप्र। जन नायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगावं की रासेयो इकाई का ग्राम साईखेड़ी में आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का आज दिनांक 03/02/2026 को समापन हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठक रासेयो अधिकारी डॉ सुरेश अवासे, डॉ प्रवीण मालवीया शासकीय महाविद्यालय झिर्निया, श्री अंकित मालीवाल पूर्व जन भागीदारी समिति सदस्य, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण डावर उपस्थित हुए। डॉ सुरेश अवासे सर के द्वारा स्वयं सेवको को स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में उतारने, अच्छी पुस्तको का अध्ययन करने, अपने कैरियर के प्रति विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। डॉ प्रवीण मालवीय ने स्वयं सेवको को देश सेवा, राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात स्वयं सेवको को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उक्त शिविर में डॉ एम. एल. मोरे, प्रो. पी.सी.निहाले, डॉ संगीता खरे, डॉ वैशाली तिवारी, प्रो. मंजू साहू, डॉ जगदीश प्रसाद के अलावा स्वयं सेवक राखी यादव, कुमकुम यादव, नंदनी, शिवानी यादव, तनीषा ,भोला, विशाल, आकाश, दीपक, समीर, उपस्थित रहे। मंच का संचालन पल्लवी राठोड ने किया। एवं आभार रासेयो प्रभारी प्रो सुरेश डोडवे ने माना।

22 साल सीमाओं की सुरक्षा कर शहर लौटे सेवानिवृत्त सैनिक पर बरसे फूल

खरगोन, निप्र। देश की सीमाओं पर तैनात रहकर 22 साल देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाकर सेवानिवृति के बाद लौटे शहर के जैतापुर निवासी सैनिक रामकुमार पिता हेमराज आलीवाल का भव्य स्वागत हुआ। प्रेसीडेंट चौराहे से रैली के रुप में घर तक ले जाया गया। इस दौरान रास्तेभर पुष्पवर्षा से स्वागत- सत्कार किया गया। क्षत्रिय सगर वंशी समाजजनों ने सैनिक रामकुमार का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें समाज का गौरव बताया। डीजे के साथ निकली रैली के दौरान खुली जीप में सैनिक को सवार किया गया। देशभक्ति गीतों से माहौल देशभक्ति से ओतप्रोत रहा। सैनिक आलीवाल ने बताया 2005 सिकंदराबाद में तैनाती हुई थी। सेवा अवधि में अरुणाचल, चाइना, जम्मू की सीमाओं पर सेवाएं देने का अवसर मिला। सैनिक आलीवाल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिये युवाओं को आगे आना चाहिए। अग्निवीर अच्छी योजना है, इसके जरिये सेना में शामिल होने ली राह आसान होगी। डीजे पर देश भक्ति गीतों के साथ युवा हाथों में तिरंगा लिए चल रहे थे।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत फसलोत्तर प्रबंधन के लिए आवेदन आमंत्रित

खरगोन, निप्र। संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत फसलोत्तर प्रबंधन (पीएचएम) हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उद्यानिकी उप संचालक श्री केके गिरवाल ने बताया कि योजना के अंतर्गत फार्म गेट पैक हाउस, इंटिग्रेटेड पैक हाउस, कलेक्शन एग्रीगेशन सेंटर, प्री-कूलिंग यूनिट, मोबाइल प्री-कूलिंग यूनिट, कोल्ड रूम्स, विभिन्न प्रकार के कोल्ड स्टोरेज, रेफ्रिजरेटेड ट्रांसपोर्ट व्हीकल, नॉन प्रेसुराइज्ड रायपेनिंग चेम्बर, प्रेसुराइज्ड रायपेनिग चेंबर, लो-कॉस्ट प्याज/लहसुन भंडारण तथा इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन प्रोजेक्ट जैसे घटकों पर अनुदान सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। फार्म गेट पैक हाउस के लिए अधिकतम 25 लाख रुपये प्रति इकाई पर 50 प्रतिशत अनुदान, इंटिग्रेटेड पैक हाउस पर अधिकतम 160 लाख, कलेक्शन एग्रीगेशन सेंटर पर 320 लाख, प्री-कूलिंग यूनिट पर 5 लाख प्रति मीट्रिक टन तथा मोबाइल प्री-कूलिंग यूनिट पर 30 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इसी प्रकार कोल्ड रूम्स पर अधिकतम 52 लाख तथा विभिन्न प्रकार के कोल्ड स्टोरेज निर्माण (टाइप 1, टाइप 2 और टाइप 3) के लिए 9600 रुपये, 12 हजार रुपये एवं 9600 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी 35 प्रतिशत तक रहेगी। रेफ्रिजरेटेड ट्रांसपोर्ट वाहन पर अधिकतम 31 लाख, नॉन-प्रेशराइज्ड रायपेनिंग चेम्बर पर 1 प्रति मीट्रिक टन, प्रेशराइज्ड रायपेनिंग चेम्बर पर 1.20 प्रति मीट्रिक टन तथा लो-कॉस्ट प्याज/लहसुन भंडारण के लिए 5 से 25 मेट्रिक टन क्षमता पर 10 हजार/प्रति मेट्रिक टन, 25 से 500 मेट्रिक टन क्षमता पर 8 हजार/मीट्रिक टन एवं 500 से 1000 मेट्रिक टन क्षमता पर 6000 रुपये/प्रति मीट्रिक टन का प्रावधान है। जिन्हें पर 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन प्रोजेक्ट के लिए अधिकतम 20 करोड़ रुपये तक की लागत पर 40 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। उप संचालक श्री गिरवाल ने बताया कि सभी घटक प्रोजेक्ट आधारित है। हितग्राही को बैंक से ऋण स्वीकृत होने पर ही ऋण संबंद्ध बैंक एंडेड सब्सिडी देय होगी। योजना का लाभ लेने के लिए एनसीसीडी गाइडलाईन एवं निम्न शर्तों के अधीन ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत इच्छुक कृषकों व उद्यमियों को आवेदन के साथ विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), बैंक एप्राइजल रिपोर्ट, बैंक ऋण स्वीकृत पत्र, भूमि संबंधित दस्तावेज जहाँ इकाई स्थापित होना है, केन्द्र एवं राज्य सरकार से पूर्व में अनुदान सहायता प्राप्त न करने का राशि रुपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र, इनके के अतिरिक्त कोल्ड स्टोरेज एवं राईपनिंग चेम्बर के प्रकरणों में भवन निर्माण अनुज्ञा प्रमाण पत्र, एनसीसीडी की ड्राइंग डिजाईन अनुसार निर्माण कराने का राशि रूपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मानको और मापदण्ड अनुसार निर्माण कराने का राशि रुपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र, चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा बेसिक डाटाशीट/ डिजाईन या तकनीकी डाटा इत्यादि दस्तावेज विभागीय पोर्टल www.mpfsts.mp.gov.in पर अपलोड करना अनिवार्य है।

इंडिया स्किल प्रतियोगिता में आईटीआई के छात्र ने पाया द्वितीय स्थान

खरगोन, निप्र। शासकीय आईटीआई भगवानपुरा के व्यवसाय कोपा के नियमित प्रशिक्षणार्थी श्री विवेक पिता मतिलाल सेमले ने कौशल विकास विभाग द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

इस उपलब्धी पर संस्था प्राचार्य प्रहलाद चौहान एवं प्रशिक्षण अधिकारी दिनेश सिंह परमार द्वारा प्रशिक्षणार्थी विवेक को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

एक नजर में — कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समस्त गर्भवती माताओं की सिकल सेल जांच अनिवार्य हो

नवभारत न्यूज

खरगोन, निप्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा विगत माह में आयोजित बैठक के प्रतिवेदन अनुसार समीक्षा करते हुए मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड एवं शहरी क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों को गर्भवती माताओं का पंजीयन अनमोल पोर्टल पर करने एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं का जांच उपचार प्रबंधन शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये गए। उन्होंने समस्त ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित किया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसव करवाना सुनिश्चित करें एवं विकासखण्ड स्तर बर्थ वेटिंग होम का रिकॉर्ड अद्यतन किया जाएं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने बताया कि विकासखण्ड झिरन्या पहाड़ी क्षेत्र होने से प्रत्येक गर्भवती माता को स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जाँच उपचार का लाभ मिल सके, इसके लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सेवा देने के निर्देश दिये। समस्त ब्लाक मेडिकल ऑफिसर को कहा गया कि महिला बाल विकास अधिकारी एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से समन्वय स्थापित कर आशा कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाकर ई-केवाईसी एवं डीबीटी हेतु कार्य में सहयोग प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त गर्भवती माताओं की सिकल सेल जाँच अनिवार्य रूप से हो। इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्र के सीएचओ, ए.एन.एम. एवं आशा कार्यकर्ताओं को टेस्टिंग कार्य पंजीयन के समय ही करने के संबंधितों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले की किसी भी गर्भवती माता की मृत्यु सिकलसेल से न हो और न ही कोई गर्भवती माताएं टीकाकरण से वंचित रहें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए युविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, सम्पूर्ण टीकाकरण, एम.आर-1, एम.आर-2 सेवाओं को शत प्रतिशत करने के निर्देश दिये गये। समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधकों को क्षेत्र में सतत भ्रमण करने एवं मानव संसाधन रिक्त संस्थाओं एवं क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर कार्य करवाने और प्रति शनिवार ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक सेवाओं का इन्द्राज पोर्टल पर करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समस्त संस्था प्रभारियों को निर्देश दिये कि एम्बुलेंस वाहनों का ऑडिट कर दिशा-निर्देश अनुरूप उपकरण, ऑक्सीजन सिलेण्डर, औषधियाँ एवं मानव संसाधनों की उपलब्धता है या नहीं, इसकी रिपोर्ट भेजी जाएं। साथ ही आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस वाहनों में ऑक्सीजन सिलेण्डर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलतसिंह चौहान को निर्देशित किया कि विभाग के समस्त कर्मचारियों के समयमान वेतनमान एवं शासन द्वारा दिये जा रहे भत्ते समय पर दिये जाना सुनिश्चित करें। आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में समस्त कार्यक्रमों/योजनाओं की समीक्षा उपस्वास्थ्य केन्द्र अनुसार प्रस्तुत की जावे। बैठक में जिला स्तरीय समस्त नोडल अधिकारी, स्थानीय एन.एच.एम. यूनिट, टीकाकरण यूनिट, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विस्तार प्रशिक्षक, विकासखण्ड एन.एच.एम. यूनिट एवं सहयोगी संस्थाएँ - संकल्प, अंतरा फाउंडेशन, नूरा हेल्थ एवं जपाईगो आदि उपस्थित थे।